दिनांक : 19.07.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज स्पेन के बार्सिलोना में सांस्कृतिक और स्थापत्य धरोहर स्थलों का करेंगे भ्रमण।
- केन्द्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून अधिवेशन से पहले कल बुलाई सर्वदलीय बैठक।
- प्रदेश के अधिकांश भागों में तेज वर्षा जारी, मौसम विभाग ने ग्वालियर, दतिया, भिंड और मुरैना के लिए जारी किया रेड अलर्ट।

और

- नर्मदापुरम जिले का 10 दिवसीय प्रसिद्ध नागद्वारी मेला पचमढ़ी में आज से शुरु।

मुख्यमंत्री स्पेन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्पेन प्रवास के चौथे और अंतिम दिन आज बार्सिलोना की सांस्कृतिक एवं स्थापत्य धरोहर स्थलों का भ्रमण करेंगे। मुख्यमंत्री प्रसिद्ध पार्क गुएल, सागरादा फैमिलिया चर्च और बार्सिलोना के विश्वप्रसिद्ध पिकासो संग्रहालय का भ्रमण करेंगे। भ्रमण न केवल सांस्कृतिक समृद्धि में अनुभव होगा, बल्कि मध्यप्रदेश में रचनात्मक उद्योगों और कला से जुड़े क्षेत्रों में संभावनाओं की खोज की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज ही बार्सिलोना से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

इसके पहले कल मध्यप्रदेश सरकार और वैश्विक टेक्नोलॉजी कंपनी सबमर टेक्नोलॉजीस एस.एल. के बीच डिजिटल और तकनीकी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक समझौता हुआ। मुख्यमंत्री ने बार्सिलोना में विश्व की अग्रणी कंपनियों के शीर्ष पदाधिकारियों से वन-टू-वन मुलाकात कर मध्यप्रदेश में निवेश, तकनीकी सहयोग और रोजगार के नए अवसरों को लेकर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने प्रवासी भारतीय समुदाय से संवाद  में कहा कि मध्यप्रदेश कई क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है।

अश्विनी वैष्णव आईआईसीटी

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल मुंबई में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी (आईआईसीटी) के पहले परिसर का उद्घाटन किया। एनएफडीसी कॉम्प्लेक्स में हुए समारोह में वेव्स 2025 भारत मंडप का भी औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स 2025) के पहले आयोजन की परिणाम रिपोर्ट भी जारी की गई। इस अवसर पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का सपना रचनात्मक तकनीकों के क्षेत्र में आईआईटी और आईआईएम के स्तर का एक संस्थान स्थापित करना था और आईआईसीटी की स्थापना इस दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय है।

सरकार सर्वदलीय बैठक

सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून अधिवेशन से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों में सुगम कामकाज सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। मॉनसून अधिवेशन 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और पारित कराए जाने की उम्मीद है।

विश्वास सारंग

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि खेल प्रतिभाओं को अवसर देने के लिये प्रत्येक दिन टैलेंट सर्च के संकल्प के साथ कार्य किया जाए, जिससे प्रदेश की लगभग 9 करोड़ जनसंख्या में से कम से कम 50 लाख युवाओं की खेल प्रतिभा को चिन्हित कर उन्हें प्रोत्साहित किया जा सके। श्री सारंग कल भोपाल में आयोजित जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारियों तथा युवा समन्वयकों की कार्यशाला में संवाद कर रहे थे। कार्यशाला में विभागीय नवाचारों पर विस्तृत चर्चा हुई। श्री सारंग ने कहा कि युवा समन्वयकों से 3 माह बाद पुनः संवाद होगा।

## नशा विरोधी

धार जिला मुख्यालय पर कल तंबाकू मुक्त शिक्षक - तंबाकू मुक्त समाज को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला एवं उपलब्धि प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग, सामाजिक संस्था हीलिस मुंबई और हार्वर्ड बोस्टन, यूएसए द्वारा तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान बनाने को लेकर जिले के 130 स्कूलों में दो वर्ष से चलाए जा रहे अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें स्कूलों के प्राचार्य एवं शिक्षक के साथ स्वास्थ्य संस्थाओं के सदस्यों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला को लेकर नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम धार के डॉक्टर संजय भंडारी ने जानकारी दी।

## मौसम-मध्य प्रदेश

प्रदेश के अधिकांश भागों में तेज वर्षा जारी है। छतरपुर और टीकमगढ़ ज़िलों के कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात हैं। छतरपुर ज़िले में एक दिन में 12 इंच बारिश दर्ज की गई है। जिले के कई बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है जिसके बाद गांवों में बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है। इस बीच, मौसम विभाग ने चार ज़िलों ग्वालियर, दतिया, भिंड और मुरैना में अत्यधिक भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है। छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी ज़िलों समेत 10 ज़िलों में अत्यधिक वर्षा का ऑरेंज अलर्ट है। मौसम विभाग ने अन्य ज़िलों में भी वर्षा की आशंका व्यक्त की गई है। इस बीच शिवपुरी जिले में लगातार बारिश का क्रम जारी है। जिले में पिछले 24 घंटे से जोरदार बारिश जारी है इसके कारण सिंध नदी में पानी बढ़ने के बाद यह उफान पर आ गई। जिसके बाद अटल सागर मड़ीखेड़ा बांध के 6 गेट खोले दिए गए। जिले में आज सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है।

## नागद्वारी मेला

नर्मदापुरम जिले का प्रसिद्ध नागद्वारी मेला पचमढ़ी में आज से शुरु हो रहा है। 10 दिन तक चलने वाले मेले का 29 जुलाई को समापन होगा। नागद्वार गुफा मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए देशभर से 5 लाख के करीब श्रद्धालुओं के यहां आने की संभावना है। मेले के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। पूरे मेला क्षेत्र में पुलिस बल के साथ-साथ होमगार्ड की टीम, स्वास्थ्य विभाग

का अमला, प्रशासनिक अधिकारियों की टीम निरंतर मॉनिटरिंग के लिए मौजूद रहेगी। इस संबध में कल कलेक्टर सोनिया मीना ने समीक्षा बैठक कर निर्देश जारी किए हैं।

कुश्ती

भारतीय महिला पहलवानों ने हंगरी के बुडापेस्ट में पोलाक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल प्रतियोगिता में कल दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित चार पदक जीते। ओलिंपियन अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग के फाइनल में रूस की नतालिया मालिशेवा को 7-4 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। हर्षिता ने 72 किग्रा वर्ग में भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अंतिम दौर में चार बार की एशियाई चैंपियन कजाकिस्तान की झामिला बाकबर्गेनोवा को 10-0 से हराया।

इसके अलावा नेहा सांगवान ने रजत और नीलम ने कांस्य पदक जीता। भारत के कुल पदकों की संख्या छह हो गई है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत एनएसओ के भोपाल कार्यालय द्वारा कल 'अन्वेषा 2.0' नाम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। एनएसएस की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं।
- शिवपुरी जिले में कल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र ठकुरपुरा, नोहरी एवं झीगुरा में विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया गया।
- आगरमालवा में प्राकृतिक खेती उत्पादों के क्रय विक्रय के लिए प्राकृतिक हाट बाजार का शुभारंभ आज सुबह जिला मुख्यालय स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी में किया जाएगा।
- संभागायुक्त की ओर से "आदिवासियो की जमीन पर सोलर प्लांट लगाने के संबंध में शिकायत" पर कार्यवाही के निर्देश प्राप्त होने के बाद खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जांच दल गठित किया है।
- डिंडोरी में कलेक्टर नेहा मारव्या के मार्गदर्शन में जिले में संचालित पेट्रोल पंपों की जांच हेतु गठित टीम द्वारा सतत कार्यवाही की जा रही है। इस

अभियान के अंतर्गत अब तक जिले के 7 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया जा चुका है।

- मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कल जिला चिकित्सालय में ऑडियोमेट्री मशीन का शुभारंभ किया। श्रवण संबंधी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के लिए अब सुविधा उपलब्ध है।

-------